# संस्कारधानी भूमि


रायपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर, 2023


## मोहला-मानपुर में तीसरे दिन भी खरीदी रही बंद

जिला के 27 उपार्जन केंद्रों में आज तीसरे दिन भी धान खरीदी पूर्णता बंद रही। हालांकि कुछ उपार्जन केंद्र में आज एक-दो गाड़ी धान परिवहन भी हुआ है। डीएमओ मोहल्ला द्वारा जिले में आज धान परिवहन हेतु तीन लाख क्विंटल का डीओ जारी किया गया है, लेकिन विडंबना यह है कि जहां परिस्थिति खराब है। जिनमें भोजटोला, औंधी , सीतागांव एवं सरखेड़ा में एक भी डीओजारी नहीं हुआ है। हालांकि इसके बाद भी समिति प्रबंधकों द्वारा आज शुक्रवार को भी पूरे 27 उपार्जन केंद्र में धान खरीदी पूर्णता बंद रखा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार भोजटोला में 45929 क्विंटल धान खरीदी हुआ है। जबकि 42609 क्विंटल धान रखा हुआ है और केवल दो गाड़ी का डीओ जारी हुआ है। इसी प्रकार सीतागांव में 15664 खरीदी एवं 41684 क्विंटल धान रखा हुआ है। औंधी में 29532 खरीदी तथा 29052 क्विंटल रखा हुआ है । ऐसे करीब दर्जनभर केंद्र हैं, जहां जाम की स्थिति चिंता का कारण बनी हुई है।

- परिवहन की सुस्त रफ्तार से खरीदी प्रभावित
- अन्य जिलों के मिलर को भी दे रहे उठाव का जिम्मा





राजनांदगांव जिला 77912 किसान से 37.17 लाख क्विंटल खरीदी

खैरागढ़ जिला 41989 किसान से 21.01 लाख क्विंटल खरीदी

मोहला-मानपुर जिला 18951 किसान से 09.05 लाख क्विंटल खरीदी

## नए साल से एफसीआई लेगा चावल मोटा धान उठाने के लिए भी अनुबंध

हरिभूमि न्यूज : राजनांदगांव

धान परिवहन को लेकर बनी स्थिति के बीच अब उठाव तेज करने के लिए नए प्रयास किया जा रहा हैं। जिसके तहत दो लाख क्विंटल मोटा धान उठाव का डीओ जारी कर दिया गया है। वहीं आगामी सोमवार से एफसीआई द्वारा भी चावल जमा करने का काम शुरू हो रहा है। यह होने से अब मिलर के लिए भी सुविधा हो गई है और जल्द ही परिवहन में तेजी आने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

समिति प्रबंधकों ने बैठक कर बनाई आगे की रणनीति



**तीन जिले में 31 लाख क्विंटल धान जाम** : अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक 67 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से साढ़े 35 लाख क्विंटल का उठाव हो पाया है। जबकि 31 लाख क्विंटल से अधिक धान अब भी केंद्रों में जाम पड़ा हुआ है।

### खबर संक्षेप

**बाकल में 30 से कबड्डी स्पर्धा**

तुमड़ीबोड़। ग्राम बाकल स्टेशन में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 30 एवं 31 दिसंबर को किया गया है। प्रतिस्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय 7000, तृतीय 5000 व चतुर्थ पुरस्कार 3000 एवं आर्कषक पुरस्कार रखे गए है। उद्घाटन किसान नेता अशोक चौधरी करेंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति से जुड़े खिलावन सेन ने दी।


बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
100% स्वर्ण वापसी
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है


राजीव युवा मितान क्लब को सालाना मिल रहे थे 1 लाख

## आठ सौ क्लब को देना होगा पूरा हिसाब 51 शहरी क्लब का 13 लाख फंड वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

पिछली प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव युवा मितान क्लब योजना पर मौजूदा साय सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। इन क्लब को हर तिमाही मिलने वाली 25 हजार की रकम पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा पूर्व में मिली राशि के व्यय का पूरा हिसाब देने का निर्देश जारी किया गया है। इसके बाद अविभाजित राजनांदगांव जिले के आठ सौ से अधिक राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों की नींद उड़ गई है। इन क्लब को अब अपने खर्च का पूरा हिसाब देना होगा। इसके अलावा राजनांदगांव निगम क्षेत्र के 51 क्लब में वितरण के लिए आए साढ़े 13 लाख रुपए की राशि भी वापस मंगा ली गई है।

उल्लेखनीय है कि भूपेश सरकार ने गांव के साथ शहरी इलाकों के हर क्षेत्र में सांस्कृतिक आयोजन धार्मिक और खेल प्रतियोगिता कराने राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया था। क्लब को हर तिमाही 25 हजार और सालाना एक लाख रुपए फंड मिलना था, लेकिन गठन के साथ ही क्लब को लेकर विवाद शुरू हो गया था। आरोप लगने लगे थे कि कांग्रेसी अपने लोगों को क्लब में जोड़कर अध्यक्ष और सचिव अपने लोगों को बनाकर मनमानी कर रहे हैं। इसके अलावा हर तिमाही मिलने वाली 25 हजार रुपए की रकम भी फर्जी बिल लगाकर वसूली जा रही थी। ऐसी शिकायतों के बाद अब भाजपा की प्रदेश सरकार ने एक्शन लेते इस पर रोक लगा दी है।




### कुछ क्लब ने ही कराए आयोजन

नाम के लिए निकाय के हर वार्ड और ग्रामीण क्षेत्रों में हर ग्राम पंचायत में इन क्लब का गठन किया गया था, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ क्लब ही काम करा रहे थे, बाकी सब फर्जी बिल लगाकर पैसा निकाल रहे थे। तत्कालीन प्रदेश सरकार भी ऐसी शिकायतों पर सख्ती नहीं दिखा रही थी। यही कारण है कि लगातार राशि का दुरूपयोग होने लगा था।

### साल में कराना था 5 खेल आयोजन

इस योजना के तहत तत्कालीन प्रदेश सरकार ने निर्देश जारी करते सालाना एक लाख रुपए के बजट से साल में पांच खेल गतिविधियां, 12 सांस्कृतिक आयोजन और दो धार्मिक आयोजन कराने की छूट दी थी। हालांकि अधिकांश राजीव युवा मितान क्लब ने इन निर्देशों का पालन भी नहीं किया और मनमाने तरीके से राशि खर्च कर दी है।

### वापस मंगा लिए फंड

प्रदेश सरकार द्वारा आदेश जारी कर सभी जिला प्रशासन से इस योजना के तहत मिले फंड को वापस मंगा लिया गया है। इसी के कारण निगम में जमा 13 लाख 49 हजार रुपए का फंड क्लबों में वितरण करने के बजाए सीधे प्रदेश सरकार के खजाने में लौटाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्रों के राजीव युवा मितान क्लब को 25 हजार की तीन किस्त और ग्रामीण इलाकों के क्लब को 25 हजार की चार किस्त मिल चुकी है।

### जांच होगी, पूरा हिसाब लगेगा

प्रदेश सरकार राजीव युवा मितान क्लब को लेकर सख्त रवैया अपनाए हुए हैं। यही कारण है कि योजना के तहत अब तक जितनी भी रकम खर्च की गई है, उसका पूरा हिसाब मांग लिया गया है। हर क्लब को अब तक मिली रकम का पूरा ब्योरा देना होगा। कलेक्टरों के माध्यम से क्लबों के संचालकों की रिपोर्ट मंगाई जाएगी। ऐसी आशंका है क्लबों की आड़ में लाखों रुपए का बंदरबांट किया है। आदेश बाद कई क्लब के सदस्य चिंता में आ गए हैं। नियम विरुद्ध किए खर्च का हिसाब देने में अब इनके पसीने छूटेंगे।

## तीन जिलों के 167 केंद्रों में 39 हजार बच्चे देंगे परीक्षा, जनवरी में प्रैक्टिकल

**1 से 23 मार्च के बीच दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिसंबर की छुट्टियां अब अपनी समाप्ति की ओर है। नए साल के जश्न के साथ ही छुट्टियों का दौर थम जाएगा। इसके साथ ही दसवीं-बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे अपने बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुट जाएंगे। गुरुवार को प्रदेश स्तर से इन दोनों कक्षाओं की परीक्षा को लेकर समय-सारिणी जारी कर दी गई है। 1 मार्च से 23 मार्च के मध्य बोर्ड परीक्षाएं होगी। राजनांदगांव जिले में 34 हजार बच्चे इस बार बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले हैं। इनके लिए 167 केंद्र बनाए जाएंगे।

इसके अलावा प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी गई है। 15 फरवरी से पहले तक सभी शासकीय और निजी स्कूलों में बोर्ड कक्षाओं के प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित करने के निर्देश जारी किए जाने वाले हैं। वहीं जनवरी के अंत से पहले तक ही कोर्स पूरा कराने की जद्दोजहद भी शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस साल लोकसभा के चुनाव होने हैं। अप्रैल से शुरू होकर यह चुनाव मई अंत तक चल सकते हैं। ऐसे में चुनाव से पहले ही बोर्ड परीक्षा कराने की तैयारी कर ली गई है। यही कारण है कि इस बार बोर्ड परीक्षा जल्द खत्म करने 23 मार्च तक ही परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ बोर्ड की ओर से जारी टाईम टेबल के अनुसार 12वीं की परीक्षा 1 मार्च और दसवीं की परीक्षा 2 मार्च से शुरू होगी।



### कोर्स पूरा कराना चुनौती

इधर टाईम टेबल जारी होने के बाद इन दोनों कक्षाओं के बच्चों का कोर्स पूरा कराने की चुनौती शिक्षकों के सामने आ गई है। पहले विधानसभा चुनाव फिर दिवाली और अन्य पर्व के कारण छुट्टियों के चलते कोर्स अधूरा रह गया है। यही कारण है कि अब जनवरी महीने में ही पूरा कोर्स कराने के साथ ही प्रैक्टिकल परीक्षा और उसके बाद फिर प्री-बोर्ड लेने का काम करना होगा।

### 10वीं में 12वीं से अधिक परीक्षार्थी

मिली जानकारी अनुसार इस बार बोर्ड परीक्षा में अविभाजित राजनांदगांव जिले के कुल 39 हजार बच्वें बैठेंगे। इनमें दसवीं कक्षा के 22086 और बारहवीं के 17090 बच्चें शामिल होने वाले है। इनमें सरकारी और निजी स्कूल शामिल है।

### जनवरी में सीबीएसई की प्रैक्टिकल परीक्षा

इधर स्टेट बोर्ड के अलावा सीबीएसई ने भी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। सीबीएसई की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 जनवरी से शुरू होगी, जो 15 फरवरी से पहले-पहले समाप्त हो जाएगी। वहीं सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं, 12वीं की थ्योरी परीक्षाएं 15 फरवरी 2024 से शुरू होगी, जो अप्रैल तक चलेगी। हालांकि अब तक बोर्ड ने कक्षा 10वीं, 12वीं परीक्षा की डेटशीट जारी नहीं की है।




## खबर संक्षेप

### मानस गान प्रतियोगिता 30 से

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत झिंझारी में दो दिवसीय मानस गान एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। यह प्रतियोगिता 30 और 31 दिसम्बर को होगी। कार्यक्रम में विभिन्न मानस मंडलियां प्रस्तुती देंगी। ग्रामीणों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### खेल से बढ़ती है सदभावना: रविन्द्र




**छुरिया।** वनांचल के ग्राम जोब में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव थे। इस मौके पर श्री वैष्णव ने कि क्रिकेट का खेल अनिश्चिताओं से भरा होता है, किन्तु सबसे लोकप्रिय खेल है। इस अवसर पर रूखम कोर्राम, दशरथ चंद्रवंशी, श्रवण कोले, तोरण नेताम, देशराज मरकाम, अर्जुन ठाकुर, एल विरसिंह, गीतेश, प्रदीप जनबंधु, मुकेश मंडावी, सोनू कसेर सहित अन्य उपस्थिति थे।

### 31 को घोरतालाव मंडई

**सड़क चिरचारी।** ग्राम घोरतालाव में आगामी 31 दिसंबर को मंडई मेला रखा गया है। रात्रि में लतमारा कालकसा वालों का नाच होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख रतिराम सहारे ने देते हुए ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

### प्रकृति को सभी सहेजे: निरंजन महाराज

**पटेवा।** इरईकला में आयोजित श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में



भगवताचार्य संत निरंजन महाराज ने गत दिनों रुखमणी विवाह, कंस वध, मथुरा गमन की कथा का वाचन करते हुए कहा कहा कि भगवान प्रेम का भुखा है। श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि वर्तमान को पहले सुधारे तो भविष्य अपने आप सुधर जाएगा। मनुष्य का शरीर उम्र के अनुसार बदलता है। संत निरंजन महाराज ने प्रकृति के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि पेड़, पर्वत, पठार, जल, बिजली का संरक्षण करना जरूरी है।

### ओडीएफ प्लस ग्राम पर कार्यशाला

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी के टाउन हॉल में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ प्लस ग्राम एवं ग्राम पंचायत को गति देने हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ग्राम पंचायत की स्वच्छता ग्राही दीदियों को ठोस अपशिष्ट एवं तरल अपशिष्ट के उचित प्रबंधन, कचरा संग्रहण, क्रियाशील शौचालय एवं स्वच्छता विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एस जयवर्धन, सीईओ जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी प्रियवंदा रामटेके, आईबी ग्रुप से सीएसआर मैनेजर महिमा सोनी, यूनिसेफ के राज्य सलाहकार अभिषेक त्रिपाठी, वॉश कार्यक्रम के बसंत एवं एसबीएम जिला समन्वयक छोटेलाल साहू आदि शामिल हुए।

### जागरूकता रथ रवाना

**मोहला।** विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य पर कलाजत्था के माध्यम से शौचालय रेट्रोफिटिंग पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत के सीईओ हेमंत ठाकुर ने जिला कार्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 25 ग्राम पंचायत में पहुंचकर स्वच्छता के संबंध में ग्राम वासियों को जागरूक करेगा। कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्वच्छता को लेकर ग्राम वासियों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। यह जागरूकता रथ आड़ेझर, बोईरडीह, घावड़ेटोला, बिटाल, मांझीटोला, डोंगरगांव, काहड़कसा, गोपलिनचुवा, जिर्राटोला, कलकसा, कुम्हली, हांड़ीटोला, अड़मागोदी, कुसुमकसा, साल्हे, मांगाटोला, होडीटोला, पेन्दलकुही, निंगमचुवा, खोराटोला पहुंचेगा।

## कई सोसाइटियों में बाधित हो सकती है धान खरीदी

# सोसाइटियों में लिमिट से ज्यादा धान की खरीदी, परिवहन स्लो



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

अंचल की सोसाइटियों में बफर लिमिट से 10 गुना ज्यादा धान जाम हो गया है जिससे आने वाले दिनों में धान खरीदी बंद हो सकती है।

खरीदी बंद होने से किसानों को परेशान होना पड़ सकता है क्योंकि इसके पहले भी बारिश के चलते कई बार धान खरीदी बंद हो चुकी है। वर्तमान हालात को देखते हुए परिवहन व्यवस्था दुरूस्त करना आवश्यक हो गया है ताकि धान की खरीदी निरंतर जारी रहे।

### धान के रख-रखाव की हो रही समस्या

धान के परिवहन की गति धीमी होने के कारण सोसाइटियों में जाम के हालात बन गए है जिससे समिति प्रबंधकों की नींद उड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार भंडारपुर सोसाइटी में लगभग तीस हजार क्विंटल धान जाम है जबकि बफर लिमिट 5 हजार क्विंटल की है जिसका मतलब है कि क्षमता से 6 गुना ज्यादा धान खरीदी हो चुकी है। इसी प्रका ईटार में 29480 क्विंटल धान जाम है जबकि बफर लिमिट 6 हजार क्विंटल है। पाड़ादाह में लगभग 22 हजार क्विंटल, मुढ़ीपार, बढ़ईटोला, टोलागांव सहित अन्य सोसाइटियों का हाल भी बहुत बुरा है। सब जगह बड़ी मात्रा में धान जाम है जिसका मुख्य कारण परिवहन की गति का धीमी होना है।

सोसायटियों में धान खरीदी बहुत तेजी से हो रही है जिसके अनुपात में परिवहन में काफी विलंब हो रहा है। भंडारण के लिए जगह नहीं होने के कारण सोसायटी प्रबंधक परेशान हैं। जानकारी के अनुसार भंडारपुर और ईटार सोसायटी से मोटे धान का उठाव अब तक शुरू नहीं हुआ है जिससे बड़ी मात्रा में धान जाम हो गया है। वहीं सरकार बदलने के बाद किसानों से 21 क्विंटल धान लेने से आवक और बढ़ गई है।

### समिति प्रबंधक हो रहे हलाकान

समिति प्रबंधकों का कहना है कि समय रहते प्रशासन ने कठोर निर्णय लेना चाहिए। ऐसा नहीं होने से धान खरीदी बंद करने का निर्णय लेना पड़ सकता है। इतनी अधिक मात्रा में धान के रखरखाव के लिए उनके पास साधन नहीं है।

# किसानों के खाते में बोनस राशि जमा

■ बोनस वितरण से किसानों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

चुनावी वादे के अनुसार 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के मौके पर किसानों को बोनस का वितरण किया गया। विकासखंड स्तरीय बोनस वितरण समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत घिरघोली में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने किया। इस समारोह में छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा, बुंदेली, पैलीमेटा क्षेत्र के केंद्रीय सहकारी बैंको से संबंधित सहकारी समितियों के किसानो को बोनस वितरित किया गया। छुईखदान क्षेत्र के 25042 किसानो को 275607182 रूपए बोनस के रूप में दिया गया। घिरघोली के शिविर में 1707 किसानों को 26536000 रूपए का प्रमाण पत्र किसानो को दिया गया। कार्यक्रम में एसडीम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीईओ सहकारिता, ब्रांच मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन रोहित जंघेल ने किया। कार्यक्रम में प्रेमनारायण चंद्राकर, राकेश ताम्रकार, राजलक्ष्मी पंसारी, पुरन जंघेल, खम्हन ताम्रकार, नेतराम जंघेल, दीपाली जैन, आनंद सिन्हा, राजकुमार जंघेल, जयेंन्द्र जंघेल, कृष्णकांत महोबिया, रोहित जंघेल, आशीष जैन, ज्ञानसिंह यादव, प्रकाश जंघेल, ज्योति जंघेल, तुकाराम, अवध जंघेल, भावेश कोचर, सीताराम नेताम, दिलीप वैष्णव, सव्या वैष्णव, अशोक साहू, समारु राम जंघेल, ललित चोपडा, नंदबाबा जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, राजेन्द्र शिवहरे, ओमप्रकाश जंघेल, लेखराम शिवहरे, नेमू शिवहरे, रोशन जंघेल, राधा मोहन वैष्णव, धनऊ जंघेल, राघवेंद्र यादव, उमेंद जंघेल, संतोष जंघेल, दूजे वर्मा, बिसंभर पटेल, दीना जंघेल, मनमोहन, दिनेश वर्मा, चेतन वर्मा, टीकाराम, अमरुत श्रीवास, तुकाराम चंद्राकर, वीरेंद्र जंघेल, ओमप्रकाश, बलराम जंघेल, बोधराम देवांगन, बलराम, नरेश जंघेल, देवशरण जंघेल, प्रकाश जंघेल, विशाल वर्मा, दुखुराम, कमलेश तिवारी, राजकुमार जंघेल, चेतन वर्मा, जयकरण जंघेल, धनीराम ठाकुर, उधो जंघेल, संतोष, ठाकुरराम, दादू भेड़िया शामिल हुए।

### मानसगान स्पर्धा 30 व 31 को

**चिचोला।** ग्राम नागरकोहरा में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 30 एवं 31 दिसंबर को रखा गया है। इसी दिनांक को सेंदरी, झिंझारी, फक्कीटोला में भी कार्यक्रम रखा गया है। इसी कड़ी में आगामी एक जनवरी को नागरकोहरा में अमर ज्योति छतीसगढ़ी नाच पार्टी कोल्हारदो का कार्यक्रम रखा गया है।

# बिना प्रस्ताव के भुगतान की शिकायत

## ग्रामीणों ने जांच और कार्रवाई के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठंडार लगातार विवादों में है। पहले पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सरपंच को पद से हटाया गया। उपसरपंच को सरपंच का प्रभार दिया गया। अब पंचायत में वित्तीय अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। पंचायत के पंचों और ग्रामीणों ने कलेक्टर,एसडीएम एवं जनपद सीईओ से मामले की शिकायत करते हुए विभिन्न विकास कार्यो के नाम पर फर्जी तरीके से भुगतान करने का आरोप लगाया है।

ग्राम के पंच दुर्गेश जंघेल, उपसरपंच दीनबंधु जंघेल, धर्मिन, रजवंतीन धुर्वे, निर्मला, चितरेखा, रमशीला मिर्चे, हरिचंद पटेल, तोरण, सचिदानंद जंघेल, पूरन सहित अन्य ग्रामीणों ने गत दिनों



कलेक्टर, एसडीएम एवं जनपद पंचायत में शिकायत करते हुए बताया है कि गत 27 जुलाई से 20 सितम्बर के मध्य विभिन्न विकास कार्यो के नाम पर ऑनलाइन भुगतान 15 वे वित्त मद से किया गया है।

पंखा लाईट वायर के नाम पर 9 हजार 2 सौ, स्टेशनरी पर 30 हजार, रेत के लिए 49 हजार, धान खरीदी केंद्र समतलीकरण एवं मिट्टी ढुलाई का 59 हजार 6 सौ रुपये इसी प्रकार लगभग 28 कार्यों का 5 लाख से अधिक का भुगतान सचिव द्वारा फर्म एवं व्यक्ति को किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप है कि इन का प्रस्ताव नहीं हुआ और ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है, जबकि विधिवत प्रस्ताव करके कार्य को किया जाना था। ग्रामीणों ने माममले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### कार्य के बाद भुगतान

सचिव लोकेश जंघेल ने बताया कि जो शिकायत शिकायत किया गया है, वह सही नहीं है। राशि का आहरण प्रस्ताव कर और कार्य के बाद किया गया है। दोनों पंच 10 प्रतिशत कमीशन की मांग करते है, और नहीं देने पर शिकायत करते है। मेरे साथ गाली गलौच कर मारने की धमकी दिया जाता है। दुर्गेश जंघेल को आर्थिक लाभ नहीं होने से शिकायत कर रहे है, जिसमे सच्चाई नहीं है।

# शिविर में मेधावी बच्चों का सम्मान

■ संकल्प यात्रा शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत ठंडार में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे।

कार्यक्रम में श्यामपाल ताम्रकार, राकेश ठाकुर, भीखू हिरवानी, लीलाराम साहू, प्रभुराम वर्मा, तानसेन साहू, लोकेश जंघेल, मंजू पटेल, तिलक वर्मा, रामखिलावन पटेल, रमेश वर्मा, दिनेश वर्मा, रामगुलाल, हरिशचंद्र वर्मा, रामशिला मिर्ची, पलटूदास मानिकपुरी, हरिशचंद्र पटेल आदि शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि केंद्र



सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जाएगा। जो लाभान्वित होने से वंचित हो गए हैं उनक आवेदन लेकर लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे एवं खिलाड़ी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बेचना है
सुकुलदैहान बाजार चौक से 100 मीटर दूरी पर डोंगरगढ़ रोड़ से लगा हुआ 20x51 वर्ग फीट का प्लाट बेचना है।
संपर्क-राहुल वैष्णव
8269400204, 9179477911

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### कबीर सत्संग एक से

**जेवरतला रोड।** ग्राम कसही (ट) में ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। आगामी एक से तीन जनवरी तक आयोजित धार्मिक आयोजन में कबीर प्राकट्य भूमि लहरतारा के धर्माधिकारी साहेब शामिल होंगे। एक और दो जनवरी को सुबह 9.30 से 1.30 बजे एवं 3 बजे से 5 बजे तक प्रवचन सत्संग होगा। आगामी 3 जनवरी को 9.30 से 1.30 बजे तक सत्संग होगा।

### राम के बिना जीवन बेकार

**जेवरतला रोड।** जेवरतला में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के पाँचवे



दिन पं. केशव शर्मा ने कृष्ण जन्मोत्सव कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि मथुरा नाम शरीर है। मथुरा में से प्रथम अक्षर म और अंतिम अक्षर रा बाहर निकल जाए तो शरीर यू ही बचेगा अतः राम है तो शरीर की शोभा है। राम निकल जाए तो शरीर की कीमत कुछ नहीं रहेगी।उन्होंने कहा कि गोकुल में नंद का निवास है। बस पुकारने पर नंद जुड़कर आनंद मिल जाएगा। कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं।

### कथा का समापन आज, मंडई कल

**सड़क अतरिया।** ग्राम मुरई में 21 दिसंबर से आयोजित प्राची देवी के श्रीमद भागवत कथा का समापन कल शुक्रवार को होगा। गुरुवार को कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता और लोगों को सादगी पूर्ण जीवन सरल और सहज तरीके से जीने के लिए प्रेरित किया। शुक्रवार को गीता उपदेश का वाचन किया जाएगा। भव्य शोभा यात्रा निकाला जायेगा। शनिवार को मंडई मेला का आयोजन किया गया है।

### मनाया वीर बाल दिवस

**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लालबहादुर नगर में गत दिनों



वीर बालक दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशन में किया गया। सर्वप्रथम बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह के बलिदान पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

# कोविड नियमों का पालन करने किया लोगों को प्रेरित

**मोहला।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी एस जयवर्धन के निर्देशन



में अंबागढ़ चौकी में भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने सदस्यता अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने स्वास्थ्य शिविर एवं सदस्यता अभियान में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। मरीजों से चर्चा करने के साथ नए सदस्यों को बधाई दी। रेडक्रास के सचिव डां. एसआर मांडवी ने बताया कि रेडक्रास की जिला समिति बनने के बाद पहली बार चौकी से सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें आजीवन सदस्य बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार किया गया।



### छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लालबहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने गत दिनों जतमई, घटारानी एवं राजीव लोचन मंदिर का भ्रमण किया। भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ .ठाकुर ने छात्र छात्राओं को संस्कृति, परंपरा, जलवायु, पर्यावरण के संबंध में जानकारी दी। इतिहास विषय के अतिथि शिक्षक रूपेश बांसोड ने राजीव लोचन मंदिर स्थापत्य कला के बारे में बताया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराजा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: ... मो. 9406004581
बिलासपुर: ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नसों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सायटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पीटेपानी मंडई आज

**डोंगरगढ़।** पीटेपानी में कल 29 दिसंबर को मंडई मेले का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोखा वालों का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पूर्व सरपंच डा. संतराम उईके ने दी। इसी प्रकार बजरंगीडीह में 31 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में प्रेम सुमन नाच पार्टी बेंदाडी की प्रस्तुति होगी।

### गीता निष्काम, कर्मयोग व शिक्षा का अद्वितीय ग्रंथ



**राजनांदगांव।** अखिल विश्व की अद्वितीय सनातन संस्कृति के सर्वाधिक मान्य सर्वप्रिय एवं सर्वश्रेष्ठ महाग्रंथ श्रीमद् भागवद् गीता की परम पावन जयंती के परिप्रेक्ष्य में प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि भागवद् गीता विश्व का अनमोल आद्यात्मिक ज्ञान एवं जीवनदर्शन का महानतम ग्रंथ है। जिसका सहज पठन-मनन-चिंतन मानव मात्र के लिए सर्वदा कल्याणकारी रहा है। पूर्ण कलावतारी योगेश्वर श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निकली श्री गीता का परायण सभी को सांख्ययोग एवं कर्मयोग का गूढ़ ज्ञान के साथ-साथ परम सिद्धी भी प्रदान करता है। सहज-सरल रूप में देश-घरती का परम महाग्रंथ श्री गीता का सर्व जन-जन को निष्काम कर्मयोग की शिक्षा का सर्वश्रेष्ठ आधार है और निष्काम कर्मयोग ही आमजन के लिए सरल-सुगम साधन है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इस्कान अयोध्या द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर श्री गीता का शिक्षा संदेश प्रसारित एवं प्रचारित करने गीता दक्ष प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है। इस शिक्षा अभियान में प्रत्यक्ष रूप से जुड़ते डॉ. द्विवेदी ने ऑनलाइन अध्ययन-माध्यम से गीता दक्ष पाठ्यक्रम पूर्ण कर देशभर में प्रथम वर्ग में (75 प्रतिशत से अधिक) उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। इस आध्यात्मिक ज्ञान प्रमाण पत्र उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ओपी गुप्ता द्वारा बधाई सहित अभिनंदन किया गया।

## जांच जारी, अन्य दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# फर्जी जमीन रजिस्ट्री मामले में तत्कालीन पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी स्थित सरकारी जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में प्रारंभिक जांच में पटवारी की संलिप्तता पाए जाने पर प्रशासन ने उसे निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि इस पूरे प्रकरण में अन्य कई दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। फिलहाल जांच के तहत संबंधित लोगों से बयान और दस्तावेजों की जांच जारी है। जांच के बाद इस मामले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत प्रशासन ने दिए हैं।

सरकारी जमीन एक ही खसरा नंबर को कई लोगों के पास बेचे जाने के मामले में राजस्व विभाग ने जांच शुरू कर दी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में पटवारी रवि पटेल को इस मामले में दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही इस पूरे प्रकरण की बारिकी से जांच पड़ताल की जा रही है। बताया जाता है कि सरकारी जमीन की खरीदी बिक्री में कई लोगों की संलिप्तता है। जिसकी जांच जारी है और उनके खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की गई है। गौरतलब है कि सोमनी स्कूल की सरकारी जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर कई लोगों को बेचा गया। इसकी शिकायत ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया था। इस मामले को कलेक्टर ने प्राथमिकता से लेते हुए राजस्व अमले को जांच के निर्देश दिए थे। प्रथम दृष्टया में पटवारी को दोषी ठहराते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। अन्य दोषियों के खिलाफ बारिकी से जांच जारी है। आगामी दिनों में इस पूरे प्रकरण में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने के संकेत मिले हैं।

### पूरे प्रकरण की बारिकी से जांच जारी


दस्तावेजों के जांच के लिए कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए
फर्जी दस्तावेजों के जरिए रजिस्ट्री कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश
जांच में होंगी कई खुलासे, कार्रवाई की मांग
पंजीयक दफ्तर की भूमिका संदिग्ध

#### दलालों की खैर नहीं

सरकारी जमीन मामले में खरीदी-बिक्री करने वालों के अलावा दलालों में शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन द्वारा इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए फर्जी रजिस्ट्री के सारे दस्तावेजों की बारिकी से जांच करने के साथ इसमें संलिप्त सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

#### ग्रामीणों ने बनाया दबाव

फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री के मामले में बहुत पहले से ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा रही थी, लेकिन कांग्रेस शासन में जांच पड़ताल नहीं होने के कारण दोषी बच रहे हैं। सरकार बदलते ही प्रशासनिक अधिकारियों के सुर बदल गए और सांसद सहित अन्य भाजपा के नेताओं के दबाव के बाद कार्रवाई शुरू हुई। ग्रामीणों ने भी जांच के लिए काफी दबाव बनाया।

# खेल-संस्कृति सम्मेलन से बच्चों का समग्र विकास होता है



- कुम्ही में संकुल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम पंचायत कुम्ही में प्राथमिक और माध्यमिक शाला संकुल स्तरीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, विशिष्ट अतिथि सरपंच लीलादास साहू, समाजसेवी हेमूदास साहू, पूर्व सरपंच मंशाराम साहू, मटुकसिंह मंडावी, ग्राम पटेल सुमेरदास साहू, डॉ. मिथिलेश साहू, कामता प्रसाद साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष टीमन साहू, उप सरपंच रामचंद्र साहू, ताम्रज साहू मौजूद थे।

मुख्य अतिथि विप्लव साहू ने कहा बचपन जीवन का सबसे मूल्यवान दौर होता है, जिसकी यादें उम्र भर रहती है। हर इंसान के अंदर एक बच्चा मौजूद होता है और अगर अवसर मिले तो हर कोई बचपन में वापस जाना चाहता है। उन्होंने कहा कि खेल-संस्कृति के ऐसे आयोजनों से बच्चों का समग्र विकास होता है।

समाज और शासन, शिक्षकों से पूरी उम्मीद रखते हुए उन्हे बच्चों को सौंपते हैं ताकि वे स्वस्थ और बेहतर नागरिक के रूप में परिवर्तित करे। बीते 20 सालों में लडक़े, पढ़ाई में लड़कियों के मुकाबले पीछे रहे हैं, इस विषय को शिक्षा विभाग और समाज को सोचने की जरूरत है।

कार्यक्रम में संकुल समवयक गिरवर बंजारे, भूमि रावटे, सशित साहू, मनीता सिंह, हेमलाल साहू, शरद सिंह, राजू साहू, वीरेंद्र साहू आदि शिक्षक साथीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दपका मिडिल स्कूल प्राचार्य रघुनाथ सिन्हा ने किया।

# टेकापार कला में रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के टेकापार कला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

जिला संगठक रासेयो डॉ एसके पटेल की अध्यक्षता और सरंपच राजेश सिंह, छुईखदान मंडल भाजपाध्यक्ष नेतराम जंघेल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि कोमल जंघेल ने संबोधित करते हुए रासेयो इकाई डाइट खैरागढ़ और हायर सेकंडरी स्कूल मदराकुही के स्वयं सेवकों से कहा कि एनएसएस द्वारा गांव में स्वच्छता, नशा उन्मूलन और प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने से आने वाला समय टेकापार कला के लिए फायदेमंद होगा।



उन्होंने कहा कि वो भी बतौर एनएसएस स्वयंसेवक सात दिवसीय विशेष शिविर में मौजूद रहकर काम किया हूं।

डाइट प्राचार्य डॉ के वी राव, डाइट के कार्यक्रम अधिकारी केके वर्मा सहित डाइट के स्टाफ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही के प्राचार्य एसएल साहू, कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार साहू, अशोक जंघेल, हेमलाल वर्मा, मनोज वर्मा, मनोहर वर्मा, विशेश्वर वर्मा, संतोष वर्मा, दुर्गा प्रसाद वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा, दानी वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### राष्ट्र सेवा के लिए रहें तैयार

इस तरह शिविर आयोजन से सबमें समाज के प्रति सकारात्मक विचारधारा का विकास होगा और आने वाले समय में आप अपने कैरियर के साथ समाज सेवा के लिए भी तैयार रहेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ एस के पटेल ने कहा की रासेयो के माध्यम से राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहे और इस शिविर में मिले अनुभवों से आप एक अच्छे शिक्षक के साथ समाज व राष्ट्र सेवा का अवसर मिलेगा। रासेयो स्वयंसेवक होने से नई ऊर्जा मिलती है और आप हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार रहते हैं किसी भी विषम परिस्थिति में आप जो है अपने विचार धाराओं से लोगों को प्रभावित कर अलग जगह बना सकते हैं। समापन अवसर पर रासेयो स्वयं सेवकों को मुख्य अतिथि कोमल जंघेल ने प्रमाणपत्र दिया वही शिविर आयोजकों ने उनका शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

# रामकथा के समापन में भजन सुनाएंगे षडंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



धर्मनगरी पांडादाह में जारी पांच दिवसीय सरस रामकथा के आयोजन के समापन अवसर पर प्रदेश के जस गीत सम्राट व सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ.दिलीप षडंगी भजन संध्या में भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति देंगे। गौरतलब है कि भगवान जगन्नाथ की नगरी पांडादाह में स्थित भगवान बलदेव मंदिर परिसर में देश की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका साध्वी भक्तिप्रभा देवी के मुखारविंद से श्रीराम कथा का वाचन हो रहा है जहां बड़ी संख्या में रामभक्त व धर्मप्रेमी राम भक्ति का रसास्वादन कर रहे हैं। आयोजन संयोजक पं.मिहिर झा ने बताया कि राम कथा के समापन अवसर पर शुक्रवार 29 को भजन संध्या का भक्तिमय आयोजन रखा गया है जहां सुप्रसिद्ध भजन गायक व जसगीत सम्राट डॉ.दिलीप षडंगी अपनी भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देंगे। धर्म प्रेमियों से आयोजन में उपस्थिति की उन्होंने अपील की है।

### प्रभु श्रीराम के आदर्शों को मानना ही पड़ेगा

पांडादाह में आयोजित संगीतमय सरस श्री राम कथा के भव्य शुभारंभ बाद प्रथम दिवस सरस व्याख्यान सुनाते हुए देवी भक्ति प्रभा ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन समाज में आदर्श स्थापित करने के लिए सबसे बड़ा मूल मंत्र हैं। निषाद राज और भगवान राम के संवाद का अद्भूत व्याख्यान कर बताया कि भगवान दर्शन के लिए स्वयं नही बुलाते है, वे भक्त के पास स्वयं चलकर जाते है। देश में सुशासन के परिकल्पना करने वालों को श्रीराम के आदर्श को मानना ही पड़ेगा। सबरी, केवट, विभीषण, सुग्रीव जैसे पात्रों का कई उदाहरण देते हुए साध्वी भक्तिप्रभा ने बताया राम राज्य की स्थापना के लिए जरूरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान कल्याण के विषय में हमें पहले सोचने की आवश्यकता है। कथा वाचन के दौरान अपनी विशिष्ठ व चिरपरिचित शैली में रहीम, कबीर सहित देश जाने माने कवियों के बेशकीमती व नायाब पंक्तियों को सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।

गापैरतलब है कि बीते साल रामकथा समागम के समापन अवसर पर पांडादाह जस गीत सुनाने पहुंचे डॉ.दिलीप षडंगी को सुनने विशाल जनसमूह उमड़ा था। इस साल भी श्रीराम कथा के समापन अवसर पर हजारों की संख्या में रामभक्त पांडादाह पहुंचेगे।

# कमला कॉलेज में विविध कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव प्राचार्य डॉ.आलोक मिश्रा के प्रमुख निर्देशन में वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के चित्र पर डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित कर किए गए।

प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा वीर बाल दिवस के विशेष संदर्भ में आयोजित विचार संगोष्ठी में साहिबजादे की वीर गाथा की जानकारी देते युवा पीढ़ी को सर्वदा देश धरती की रक्षा करने हेतु संकल्पित होने का आह्वान किया गया। डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा राष्ट्रधर्म एवं संस्कृति रक्षा के लिए अमर शहीद हुए साहिबजादे के सर्वोच्च बलिदान को युवा किशोर बाल पीढ़ी को हमेशा याद रखना होगा तथा देश की रक्षा एवं एकता अखंडता बनाए रखने हमेशा तत्पर रहना होगा, यही वीर बालकों के प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। रासेयो अधिकारी रामकुमारी धुर्वा द्वारा वीर बाल दिवस की महत्ता एवं जनसमान्य को उनकी शहादत के प्रति जागरूक रहने अभिप्रेरित किया गया।



प्रो. एमके मेश्राम एवं प्रो. आलोक कुमार जोशी ने भी सक्रिय वैचारिक सहभागिता की एवं छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत की प्रस्तुतियां दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी एवं रामकुमारी धुर्वा द्वारा छात्राओं के लिए वीर बाल दिवस स्मृति जन जागरूकता स्टीकर भी जारी किए गए।

# दो दिवसीय दृष्टिहीन महासम्मेलन 3 से



**राजनांदगांव।** सर लुईस ब्रेल की 216वीं जयंती पर संस्कार श्रद्धांजलि के तत्वावधान में दृष्टिबाधित संघ व माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव के विशेष सहयोग से दो दिवसीय अखिल भारतीय दृष्टिहीन महासम्मेलन आगामी 3 व 4 जनवरी को माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया कि दृष्टिहीनों के समग्र उत्थान के उद्देश्य से आयोजित उक्त सम्मेलन सन 2006 से सतत जारी है। इस वर्ष भी उनके लिए मेडिकल कैंप, परिचय सम्मेलन, उनके बौद्धिक विकास हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, रोजगार, उच्च शिक्षा के लिए काउंसलिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। दो जनवरी की शाम से ही माहेश्वरी भवन में रूकने के साथ जलपान, भोजन, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन से भवन तक आने-जाने परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। तीन जनवरी को सुबह 10.30 बजे अखिल भारतीय महासम्मेलन का शुभारंभ होगा। जिसमें उदयाचल व सीआरएस सेंटर की टीम द्वारा सभी नेत्रहीनों की आंख की स्क्रीनिंग के साथ विशेष जांच होगी। वहीं छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज की टीम भी सभी उपस्थितजनों का दंत परीक्षण व उपचार करेगी।

आयोजन में चयनित पचास गरीब दृष्टिहीन बच्चों को उच्च सहायतार्थ मोबाइल ब्रेल कीट सम्राट केन, सीआरसी द्वारा 100 नेत्रहीनों को चलते समय सुरक्षा के लिए छड़ी, समाज कल्याण विभाग द्वारा पांच गरीब दृष्टिहीन बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु डीडीटी व देशभर से आए सभी दृष्टिहीन मेहमानों को गर्म स्वेटर समाजसेवियों द्वारा वितरित किए जाएंगे। चार जनवरी को सुबह 10 बजे लुई ब्रेल की स्मृति में नगर में एक रैली निकाली जाएगी।

समापन समारोह व पुरस्कार वितरण के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को मुख्य अतिथि हेतु आमंत्रित किया गया है। आयोजन को सफल बनाने संस्था के डीएल देवांगन, ममता बुद्धन, एजाज सिद्धिकी, मनोज शुक्ला, रमेश राठी, दिवाकर बाजपेयी, सुधा पवार, रूपम सोनक्षत्रा, राजेंद्र बेहरा, ऋषि मिश्रा, नरेन्द्र तायवाड़े, पदमा साहू जुटे हुए हैं।

# पथर्री में मनाया गया शहादत दिवस

**राजनांदगांव।** ग्राम पथर्री में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस आदिवासी समाज की ओर से वीर दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम की महिलाओं ने एक ही रंग के वेशभूषा पहनकर शहीद वीरनारायण सिंह के प्रतिमा के पास से ग्राम भ्रमण करते प्रतिमा के समक्ष मंचीय कार्यक्रम किया। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के अध्यक्ष दिलीप सिंह नेताम तथा सचिव राजकुमार मंडावी व हुमन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने वीर नारायण सिंह के जीवन गाथा एवं भारतीय संविधान में प्रदत्त नियम एवं पेसा कानून की विस्ततृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पांगरीखुर्द सरपंच अंजली घावड़े ने की।

## निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

# संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी पेंड्रीकला पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी अधिकारी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव मयंक तिवारी ने ब्लाक के ग्राम पेंड्रीकला पहुचे।

जहां उन्होंने जिले में राज्य व केंद्र शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में लगाए विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर जानकारी ली। जिला प्रभारी मयंक तिवारी ने स्टॉलो में जाकर योजनाओं का फीडबैक लिया और योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनभागीदारी विशेषकर महिलाओं की बढ़-चढक़र भागीदारी पर प्रसन्नता जताई। यात्रा शिविर में उन्होंने गर्भवती माताओं का गोद भराई में फलों की टोकरी भेट की और कुपोषित बच्चों को सुपोषण किट दिया। बिहान समूह की महिलाओं ने तिलक व आरती से और स्कूली बच्चों ने राऊत नाच द्वारा स्वागत कर प्रस्तुति दी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में यात्रा की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा में मोबाइल वेन के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश का प्रसारण किए जाने के साथ ही लाइव प्रोग्राम भी दिखाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से रिकार्ड को अपडेट करने के साथ ही अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर लगाकर चेकअप किया जा रहा है। टीबी एवं सिकलसेल बीमारी के परीक्षण के लिए लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है।



### मेरी कहानी मेरी जुबानी हो रही संग्रहित

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य को लेकर विस्तार से जानकारी दी। जिला नोडल अधिकारी प्रकाश तारम ने बताया कि यात्रा के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी, धरती कहे पुकार जैसी गतिविधियों में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। उन्होंने जिला प्रभारी को बताया कि जिले में लगभग 75 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। यात्रा के दौरान छूटे हुए लोगों को कार्ड बनाकर दिया जा रहा हैं। लैण्ड रिकार्ड अपडेट किया जा रहा है। प्राकृतिक/जैविक खेती को प्रोत्साहित करने गतिविधियां की जा रही है। संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा योजना, उज्ज्वला योजना, किसानों को केसीसी कार्ड, शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया जा रहा। मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम अंतर्गत केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वितों से हितग्राहियों की कहानी संग्रहित की जा रही। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी फिसड्डी, किसान कर रहा ठगा महसूस : देवांगन

- किसानों को दो साल का धान बोनस नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



मोदी गारंटी के नाम से सरकार बनाने भाजपा ने फिर एक बार किसानों के साथ छलावा करने का आरोप कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने लगाया है। उन्होंने कहा कि पहले ही किसानों का दो साल का धान बोनस नहीं दिया। विधानसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी बताते हुए घोषणा पत्र में पूर्व के दो साल के कार्यकाल का बकाया बोनस देने की घोषणा करती हैं, सरकार में आने के बाद सुशासन दिवस पर बोनस देने का वादा भी करती है, लेकिन स्थिति इसके ठीक उलट है। भाजपा शुरू से किसान विरोधी पार्टी रही उसने सत्ता में आते ही किसानों से छलावा शुरू कर दिया है। सुशासन दिवस पर बोनस सिर्फ एक साल और प्रमाण पत्र दो साल का दिया जा रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा किसानों के साथ फिर धोखा कर रही है। जिस भरोसे के साथ प्रदेश की जनता ने अपना समर्थन दिया, उस विश्वास को भाजपा ने तोड़ने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पूछा है कि क्या यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने मोदी की गांरटी वाली भाजपा सरकार से छह साल पहले का बकाया दो साल का बोनस किसानों को ब्याज सहित भुगतान करने की मांग की है।

### 16/17 का किया था वादा, दिया 2015 का

कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने कहा कि 2015/16 के समय धान की पैदावार कम होने के कारण किसान उस समय कम धान बेच पाए थे जबकि 2016/17 और 18 में धान की बंपर आवक हुई थी इसलिए भाजपा सरकार अपने वादे से हमेशा की तरह इस बार भी मुकर रही है। मोदी के गारंटी की बात करने वाली सरकार 31 सौ रूपए क्विंटल को लेकर भी वादा पूरा नही कर पाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 2016-17 व 2017-18 का धान बोनस देने का वादा किया था जबकि सरकार बनने के बाद धान बोनस 2014-15 और 2015-16 का दिया। ऐसे में किसान अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

## सार समाचार

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



**राजनांदगांव।** रजक परिवार दीवानपारा द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं।

# 4 अवैध वेंडर और बिना टिकट यात्रा कर रहे 125 पर कार्रवाई

## रेलवे के अफसरों ने राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे द्वारा ट्रेनों और स्टेशन में अवैध रूप से बिक्री करने वाले वेंडरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। वहीं ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा कर रहे 125 यात्रियों से दंड वसूला गया है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा अधिकृत वेंडरों द्वारा गाडियों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही रेलवे प्रशासन को अवैध वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती है। इसी संदर्भ में रेल गाडियों तथा प्रमुख स्टेशनों में अवैध वेंडरों की रोकथाम के लिए 10 दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत दिलीप सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में राजनांदगांव- दुर्ग रेल खंड के मध्य स्टेशनों तथा गुजरने वाली विभिन्न रेल गाड़ियों में टिकट चेकिंग स्टाफ तथा रेल सुरक्षा बल द्वारा संयुक्त रूप से अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान 26 दिसंबर से 10 दिनों के लिए चलाया जा रहा है।

इस अभियान में 2 रेल सुरक्षा बल जवान सहित राजनांदगांव तथा डोंगरगढ़ के कुल 10 टीटीई स्टाफ शामिल हैं।




**घटिया सामानों की बिक्री :** ट्रेन से सफर कर रहे यात्रियों को खाने के लिए जो सामान अवैध वेंडर देते हैं, उसकी गुणवत्ता घटिया होती है। यात्रियों को अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ ही मिल सके, इसके लिए अवैध वेंडर्स के खिलाफ खाद्य पदार्थों को लेकर कई बार शिकायत होती है। यात्रियों को अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ ही मिल सके, इसके लिए अवैध वेंडर्स पर कार्रवाई की गई है।

### 17 जोड़ी ट्रेनों में जांच अभियान

इस विशेष अभियान के अंतर्गत स्टेशनों एवं कुल 17 जोड़ी रेल गाड़ियों में जांच कर 26 दिसंबर को राजनांदगांव स्टेशन पर 3 तथा डोंगरगढ़ स्टेशन पर 1 अनाधिकृत वेंडर तथा 27 दिसंबर को डोंगरगढ़ स्टेशन में 1 अनाधिकृत वेंडर पकड़े गए तथा रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत मामला दर्ज किया गया, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त इस खंड पर कुल 125 बिना टिकट अनियमित टिकट मामले दर्ज कर कुल राशि रुपए 69,635 वसूले गए।

## जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए रायपुर भेजा जाएगा सैंपल

# दिल्ली से लौटी स्वास्थ्य कर्मी मिली कोरोना संक्रमित, होम आईसोलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चार साल पहले दस्तक देकर आतंक मचाने वाला कोरोना संक्रमण एक बार फिर से जिले में लौट आया है। प्रदेश के अन्य जिलों में संक्रमित मरीज मिलने के बाद गुरुवार को शहर से भी एक महिला संक्रमित पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिला हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली की यात्रा कर लौटी थी। जिसके बाद एहतियातन तौर पर उनका सैंपल लेकर जांच हुई और उसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई है।

निर्देश के अनुसार अब महिला का सैंपल लेकर रायपुर स्थित एम्स अस्पताल भेजा जाएगा, जहां सैंपल का जिनोम सिक्वेंसिंग टेस्ट कर यह पता लगाया जाएगा कि कोरोना का यह नया वैरिएंट है या फिर पुराना। वहीं संक्रमित मिलने वाली महिला को अगले सात दिनों के लिए होम आईसोलेशन में भेज दिया गया है। इसके साथ ही उनके संपर्क में आए लोगों की भी मॉनिटरिंग कर जांच की जाएगी। इसके साथ ही अन्य लोग जो हाल ही में अन्य शहरों से लौटे हैं, उनकी जांच की तैयारी की जा रही है।




### रोजाना सौ टेस्ट का टारगेट

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही प्रदेश स्तर से स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश जारी कर हर जिले को रोजाना सौ आरटी-पीसीआर टेस्ट करने कहा था। इसके बाद जिले में भी महीनों से बंद पड़ी आरटी-पीसीआर लैब को शुरू कर सैंपल की जांच होने लगी थी। हालांकि अब भी रोजाना सौ सैंपल नहीं आ पा रहे हैं। अब करीब डेढ़ साल बाद कोरोना का पहला मरीज मिलने से जांच की गति में भी तेजी आएगी।

### साढ़े तीन सौ बेड तैयार

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ही कोरोना जांच के लिए सैंपल लेने के साथ ही हर ब्लॉक में सीएचसी और पीएचसी में भी जांच की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। इसके साथ ही कोरोना मरीज के इलाज को लेकर भी पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 350 बेड को रिजर्व कर व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर ब्लॉकों में भी बेड तैयार रखने की तैयारी है। हालांकि अभी सामान्य लक्षण होने पर होम आईसोलेशन पर ही रखा जाएगा।

# ठेका वार्ड में लचर सफाई व्यवस्था ठेकेदार को आयुक्त ने थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शहर के ठेका वार्ड वार्ड नं. 24 में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर संतोषप्रद सफाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते सफाई ठेकेदार अध्यक्ष भाग्यलक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह को अनुबंध शर्तों के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया है।

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि ठेका वार्ड वार्ड नं. 24 में सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में सफाई कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया तथा त्रिवेणी परिसर एवं झुलेलाल घाट के आसपास गंदगी व अत्याधिक मात्रा में कचरा पाया गया। साथ ही वार्ड के संपूर्ण क्षेत्र में सफाई कार्य नहीं कराया जा रहा है, जो कि निविदा शर्त के नियम के विपरीत है।

### वरना होगी कार्रवाई

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि लचर सफाई व्यवस्था पर सफाई ठेकेदार अध्यक्ष भाग्यलक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह को नोटिस जारी किया गया है एवं नोटिस में कहा गया है कि नियम-शर्त के अनुरूप कर्मचारी रखकर सफाई कार्य कराएं। नाली चोक व सफाई संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें तथा सप्ताह में दो बार कीटनाशक, दुर्गंधनाशक दवाईयों का छिड़काव अनिवार्य रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में आप अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करें। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से 10 प्रतिशत राशि कटौती की जाएगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।

## गरीबों को कंबल व सामग्री वितरण



**राजनांदगांव।** एक पहल एक कोशिश संस्था द्वारा राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम ग्वालगुंडी और सिंगबोरा के ग्रामीणों को 150 से अधिक कंबल प्रदान किया गया। वहीं बच्चों की पढ़ाई के लिए कापी, पेन, रबर, शार्पनर, स्केल, पेंसिल, कंपास बाक्स, चाकलेट और बिस्किट का वितरण किया गया।

## गंगाराम साहू का निधन



**राजनांदगांव।** ग्राम टेडेसरा निवासी गंगाराम साहू (68 वर्ष ) का 28 दिसंबर को तकरीबन प्रातः 8 बजे हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे उनके निज निवास स्थान ग्राम टेडेसरा से निकाली गई। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। ज्ञात हो कि भागवत साहू जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष के बड़े भाई थे।

## सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा 24 दिसंबर को गोंडवाना भवन अंबागढ़ चौकी में सेवानिवृत्त होने वाले आदिवासी समाज के अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों द्वारा अभी हाल में ही सेवानिवृत्त होने वाले समाज के शासकीय सेवकों का समाज के प्रति योगदानों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक रामजीलाल ठाकुर, केआर आर्य, आरके परतेती, देवप्रसाद नायक, ज्ञान सिंह कंवर, पनकुराम खरे, एचएल ठाकुर, नीतराम पुराम सहित अभी हाल में ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से स्वेच्छिक सेवानिवृत्त लेने वाले पवन तुलावी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएल भुआर्य व अध्यक्षता शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद गोटे ने किया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन शासकीय सेवक संघ के ब्लॉक सचिव श्रीराम ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में गोंडवाना समाज के तहसील अध्यक्ष संतकुमार नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भुआर्य, गोंड समाज के ब्लाक अध्यक्ष दरोगा नेताम, सचिव रमेश आंचला, बिहारीलाल मरकाम, ललित सलाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महिला से छेड़छाड़ करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग पुलिस ने घर-घुसकर महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक मदन ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर 35 वर्ष ग्राम सुखरी थाना लालबाग को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। आरोपी के विरूद्ध 27 दिसंबर को थाना लालबाग क्षेत्र के स्थानीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 दिसंबर को करीब 9 बजे वह अपने पड़ोसी के घर से वापस आई, तभी आरोपी गलत नियत से बेईज्जती करने के इरादे से छेड़खानी किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 354, 458 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतातलाश कर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। जिसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को विधिपूर्वक गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा, महिला प्रधान आरक्षक विनिता पैकरा, आरक्षक राकेश ठावरे, सुनील बैरागी, राकेश ध्रुव की सराहनीय भूमिका रही।

## प्राण-प्रतिष्ठा पर देश में हो सार्वजनिक अवकाशः राजेश

**राजनांदगांव।** सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान होने जा रहे श्री रामलला की प्रतिमा स्थापना दिवस पर देशभर में सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग की है। श्री अग्रहरि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी व छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय से निवेदन किया है कि 500 साल बाद सनातनधर्मियों के सामने आ रहे इस शुभ अवसर के दिन 22 जनवरी को देशभर में सार्वजनिक अवकाश घोषित की जाए।




## सांगली मेरेगांव में एक को बौद्ध मेला

**राजनांदगांव।** परिवर्तन जनकल्याण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा बौद्ध मेला एवं शौर्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सांगली मेरेगांव में मनाया जाना है। अधिवक्ता लवकुमार रामटेके ने बताया कि यह 11वां वर्ष होगा, जो यह बौद्ध मेला व शौर्य दिवस का आयोजन होते आ रहा है। क्षेत्र में बौद्ध को मानने वालों का संख्या अधिक होने से सामाजिक जागरूकता के लिए यह आयोजन होता है। आयोजन को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, उड़ीसा, बिहार व उत्तरप्रदेश से लोग आते हैं। इस आयोजन को धार्मिक सौहार्द्र के रूप में नए वर्ष के पहले दिन मनाया जाता है। यह आयोजन महार जाति की विजय व शौर्य पर्व व शहादत दिवस है, जो भीमा-कोरेगांव की एक प्रतिकृति है और उसी रूप में विकसित करने का प्रयास है।

# पुलिस ने ली होटल-रिसोर्ट संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष पर होने वाले जश्न एवं विविध आयोजनों के मद्देनजर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके तहत होटल मालिकों को कोलाहल अधिनियम का पालन करने सख्त निर्देश दिए गए हैं। इवेन्ट स्थलों में पर्याप्त रौशनी एवं सीसीटीवी लगाने व महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा 31 दिसंबर को नए साल के स्वागत में शहर के होटल और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले आयोजनों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम के जनसंवाद कक्ष में होटल, रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक ली गई।

### नववर्ष सेलिब्रेशन : सुरक्षा के किए गए इंतजाम



### पार्किंग की करें समुचित व्यवस्था

जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं एसडीएम अरूण वर्मा की उपस्थिति में होटल एवं रिसोर्ट संचालकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि नया साल में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग कोलाहल अधिनियम के तहत करें। होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा और बार के बाहर चार पहिया, दोपहिया वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था रखने के साथ मुख्य मार्ग, सर्विस रोड में वाहनों की पार्किंग न करें।

### नशीले पदार्थ पाए जाने पर होगी कार्रवाई

हुक्का, गांजा समेत अन्य नशीले पदार्थ पाए जाने पर संस्थान के संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। होटल, रिसोर्ट में ठहरने वालों के परिचय-पत्र अवश्य लेने और उनका रजिस्टर में मोबाईल नंबर सहित जानकारी संधारित सुनिश्चित करने एवं मदिरा लाइसेंस लेकर ही मदिरा परोसने का निर्देश दिया गया। नाबालिकों को ठहरने के लिए कमरा न देने और ऐसा करते पाए जाने पर संस्थानों के मालिकों, मैनेजर के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एबीस ग्रीन, एबीस ग्रुप, राज इम्पोरियल, वन-विनाकदा रिसोर्ट, हॉलिडे रिसोर्ट, रैलिस, नौटंकी, पे-पिंजरा हाउस, रॉक हाउस, होटल अमोरा, फोरेस्ट वेब्स, अकाय रिसोर्ट, होटल बग्गा एवं मनगटा के रिसोर्ट व होम-स्टे के संचालकगण तथा थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी एवं प्रभारी सायबर सेल मौजूद थे।




## प्रदेश की 18 विशिष्ट विभूतियां होगी सम्मानित

# नांदगांव में अग्र महाकुंभ 13 व 14 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का 16वां प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण समारोह आगामी 13 एवं 14 जनवरी को अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में अनंत पैलेस बायपास रोड पार्रीनाला के पास संपन्न होने जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

प्रदेश के लगभग 1000 अग्र बंधु, माताएं, बहनें एवं युवा इस महोत्सव में शामिल होकर सामाजिक स्तर की विभिन्न विषयों में चर्चा व निर्णय लेकर सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। वहीं अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों पर आधारित विभिन्न 18 विषयों में विशिष्ट योग्यता रखने वाले 18 प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। अग्रवाल सभा राजनांदगांव के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल व सचिव लोकेश अग्रवाल के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के 16वें प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण समारोह को भव्य स्वरूप में संपन्न करने हेतु आयोजन के मुख्य प्रायोजक भी बनाए गए हैं।



### प्रचार समिति का गठन

अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष विमल अग्रवाल ने बताया कि पूरे आयोजन के प्रचार-प्रसार हेतु चार सदस्य समिति का गठन किया गया है। इसमें अशोक लोहिया, संजय मदनलाल अग्रवाल, रजत अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल को शामिल किया गया है।

### अग्र दर्पण पत्रिका का होगा विमोचन

प्रांतीय अधिवेशन एवं अग्र अलंकरण समारोह के दौरान अग्र दर्पण पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका प्रकाशन के कार्य में शरद अग्रवाल, लक्ष्मण लोहिया, लोकेश अग्रवाल, किरण अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल डोंगरगढ़ एवं राजेंद्र अग्रवाल गुरुजी जुटे हुए हैं।

### अब तक सौ ने कराया पंजीयन

प्रदेशभर में ऑनलाइन पंजीयन का कार्य प्रगति पर है। ऑनलाइन पंजीयन की जिममेदारी का निर्वहन हितेश अग्रवाल, निकुंज सिंघल, नितिन अग्रवाल एवं कृष्णा लोहिया द्वारा किया जा रहा है। पंजीयन प्रभारी के अनुसार अभी लगभग 100 प्रतिभागियों के ऑनलाइन पंजीयन हो चुके हैं। प्रदेशभर से आने वाले अतिथियों के समुचित आवास की व्यवस्था के लिए आवास समिति का गठन किया गया है।

### प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार

अग्र अलंकरण प्राप्त करने के लिए विभिन्न विषयों में विशिष्ट योग्यता रखने वाले प्रतिभागियों से प्राप्त आवेदन पर संयोजक डॉ. अनीता अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं डॉ. निर्मल अग्रवाल की टीम द्वारा आवेदनों का बारीकी से परीक्षण कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले का चयन करने का कार्य किया जा रहा है। आयोजन के दौरान चयनित प्रतिभागियों को 11000 नगद प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा।

**देह व्यापार:** लम्बे समय से चल रहा था देह व्यापार, कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

# शहर से देह व्यापार में लिप्त तीन महिला व एक पुरूष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर के एक ठिकाने में दबिस देकर देह व्यापार में लिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन महिलाएं एवं एक पुरूष बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी की कवर्धा में घुघरी रोड अटल आवास के पास एक निर्माणाधीन मकान में एक दलाल के माध्यम से कुछ बाहरी महिलाओं को लाकर सेक्स रैकिट चलाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोतीराम पटेल ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में तत्काल एक टीम गठित कर मुखबिर के बताए गए ठिकाने में आधी रात को दबिस दी और मौके से देह व्यापार में लिप्त तीन महिलाओं के साथ पुरूष को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली है कि एक महिला रायपुर की रहने वाली है जबकि दो महिलाएं बिलासपुर की है। पुलिस ने महिलाओं से पूछताछ के बाद उन्हें सखी सेंटर भेजा है। आरोपी दलाल पुलिस हिरासत में रखा गया है और सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।




### मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही

मुखबिर की सूचना पर घुघरी अटल आवास के पास एक निर्माणाधीन मकान में बीती रात छापेमारी कारवाई में देह व्यापार में शामिल तीन महिला और एक दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

**मोतीराम पटेल, कोतवाली प्रभारी**

### जिले में पहले भी होता रहा देह व्यापार

सूत्रों की माने तो जिले के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा में देह व्यापार लम्बे समय होते आ रहा है। ये अलग बात है कि कवर्धा पुलिस आज मुखबिर के जरिए सूचना मिली है और उसने कार्यवाही की है। माना जा रहा है कि अगर जिला पुलिस प्रशासन जिले में देह व्यापार की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करे तो कई मामले सामने आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा का ग्राम लासाटोला तो देह व्यापार के लिए पूरे प्रदेश में चर्चित है। लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है और सब कुछ धड़ल्ले से चल रहा है।


# कांग्रेस के शहर ब्लाक अध्यक्ष तिवारी ने पद से दिया इस्तीफा

- शहर में कांग्रेस प्रत्याशी की हार को बताया कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पिछले महिने सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद से जिला कांग्रेस कमेटी में जारी इस्तीफे का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल ही में क्रेडा सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल फिर नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष ऋषि कुमार के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कमेटी के शहर ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होने अपना इस्तीफा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू को सौंपा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि राजकुमार तिवारी पूर्व मंत्री और कवर्धा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर के बेहद करीबी माने जाते हैं। मो. अकबर ने विधानसभा चुनाव के पूर्व ही राजकुमार तिवारी को शहर ब्लॉक अध्यक्ष बनाया था और चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी थी। लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मो. अकबर को को 39 हजार से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद से कांग्रेसियों में इस्तीफा का दौर शुरू हो गया है। शहर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने अपना इस्तीफा सौंपने के बाद कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और पूर्व मंत्री ने कांग्रेस पार्टी में शहर अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी और चुनाव में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी थी। लेकिन कवर्धा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मो. अकबर को हार का सामना करना पड़ा है, जिसकी जिम्मेदारी लेते हुए मैने नैतिकता के तौर पर अपने पद से इस्तीफा कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष होरीराम साहू को सौंप दिया है।



विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों में गहरी मायूसी देखी जा रही है। हालांकि कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अपने 139 वें स्थापना दिवस के बहाने एक बार फिर पार्टी का मनोबल बढ़ाने और उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार करने का प्रयास कर रही है लेकिन ठीक कांग्रेस स्थापना दिवस के रोज ही शहर ब्लॉक अध्यक्ष कवर्धा का इस्तीफा कुछ और ही बयां कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### रमेश अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहे गणित विषय के व्याख्याता व ग्राम परसवारा निवासी रमेश कुमार चन्द्रवंशी को उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता व अटूट प्रतिबद्धता के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय से मान्य संस्थान वर्ल्ड चैरिटी वेलफेयर फाउंडेशन दिल्ली द्वारा इंटरनेशनल एजुकेशनल अवार्ड अर्थात अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान ने युवाओं को प्रेरित करने का कार्य किया है। इससे पहले भी वे कई बढ़ी उपलब्धि प्राप्त कर चुके हैं, जिसमें प्रमुख रूप से एक ही विश्वविद्यालय से बारह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए उनका नाम विश्व रिकार्ड में कुछ दिनों पूर्व ही दर्ज हुआ है। साथ ही मानद डॉक्टररेट अवार्ड से भी सम्मानित हुए हैं। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हैं। उनके इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों व संघ पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।

### नवोदय में प्रवेश चयन परीक्षा 20 जनवरी को

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 के लिए चयन परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 2024 के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय के वेबसाइट या सीबीएसई द्वारा जारी किए गए लिंक से अभ्यर्थी अपने 11 अंकों का रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि डालकर प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर उक्त तिथि एवं समय 10.30 बजे पहुंचकर परीक्षा में शामिल होवे।

### पीएम किसान सम्मान निधि मिलेगी जनवरी में

**कवर्धा।** जिले के 1 लाख 16 हजार 118 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से अब तक मिला 348 करोड़ 35 लाख 40 हजार रुपए का भुगतान हो चुका है। वहीं 16वां किस्त जनवरी 2024 में प्रदान किया जाएगा। कृषि उपसंचालक राकेश शर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 52 हजार 253 किसान और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 63 हजार 865 कुल 1लाख 16 हजार 118 किसान पात्र है। इन सभी किसानों को प्रत्येक वर्ष सालाना 6 हजार रूप्ए प्रदान किया जाता है।

# क्रिकेट खेलकर लौट रहे मोटर सायकिल सवार युवकों को पिकअप ने मारी ठोकर, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/कुई/कुकदुर

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोलमी के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोअर सायकल सवार युवकों को ठोकर मार दी।

इस दुर्घटना में तीनो मोटर सायकल सवार तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम माठपुर भड़का के रहने वाले युवक अजीत, नीलेश तथा अरूण गुरूवार की शाम करीब 4.00 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बी-8427 में सवार होकर ग्राम पुटपुटा से क्रिकेट मैच खेलकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्राम पोलमी के शासकीय मिडिल स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक सीजी 09 जेपी 0880 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दी। पिकअप की जोरदार ठोकर से तीनो युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल 108 एम्बुलेंस तथा कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से तीनो घायल युवकों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं कुकदुर पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# 6 वाहनों से 1 लाख 26 हजार 800 रुपए का अर्थदण्ड वसूला

- खनिज विभाग की लागातार कार्यवाही जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर खनिज विभाग के अमलों द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। पिछले सप्ताह अवैध परिवहन में संलग्न 06 वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया।

जप्त 02 वाहन ट्रेक्टर में अवैध ईट का एवं 02 वाहन हाईवा में अवैध मुरूम एवं 02 वाहन हाईवा में चूनापत्थर का परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग द्वारा जप्त 06 वाहनों से 1 लाख 26 हजार 800 रूपए का अर्थदण्ड वसूल कर खजाना दाखिल कराया गया।

उल्लेखनीय है कि अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स जिसमें पुलिस, परिवहन, राजस्व एवं खनिज अमला सम्मिलित है। कलेक्टर ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा है कि उक्त कार्यवाही को लगातार जारी रखें तथा किसी भी स्थिति में जिला के भीतर खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण न हो इसके लिए जो भी प्रभावी कार्यवाही करें।

उन्होंने बताया कि यदि 01 ही वाहन से एक से अधिक बार खनिजों का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिक के विरूद्ध खान एवं खनिज विकास (विनियमन) अधिनियम 1957 में निहित प्रावधान के तहत प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए किए गए प्रयास का प्रत्येक दिन जानकारी रखें जिसके परिप्रेक्ष्य में खनिज विभाग के अधिकारी उक्त कार्यवाही को लगातार जारी रखने की तैयारी की जा रही है ।

# 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परिक्षाओं की समय सारणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने गुरूवार को एक आदेश जारी करते हुए प्रदेश में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारणी घोषित कर दी है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा दोनो ही बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा के लिए जारी की गई समय सारणी के मुताबिक 12वीं की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होगी और 23 मार्च 2024 तक चलेगी। इसी प्रकार 10 वीं बोर्ड की परीक्षा 2 मार्च 2024 से प्रारंभ होकर 21 मार्च 2024 तक चलेगी।

राहत की बात यह है कि इस बार दोनो ही बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा होली त्यौहार के पूर्व समाप्त हो जाएंगी और परीक्षार्थी जमकर तथा बिना रोकटोक होली खेल पाएंगे। लेकिन फिलहाल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बोर्ड परिक्षाओं की तिथियों का ऐलान करने के साथ ही परिक्षार्थियों का टेंशन बढ़ गया है।

# निर्यात को बढ़ावा देने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

डीजीएफटी नागपुर द्वारा जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक देवलाल पुसाम, सहायक संचालक, एमएमएमई किशोर इरपाते, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र सनत कुमार महाराणा, जोनल आफिस भिलाई तथा इंडिया पोस्ट के अधिकारी, डीजीएफटी नागपुर के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। एक दिवसीय कार्यशाला में जिले के विभिन्न व्यापारी, उद्योग स्वामी तथा स्वयं सहायता समुह के महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया तथा निर्यात संबंधी अपना अनुभव साझा किया। डीजीएफटी के टीम द्वारा निर्यात कैसे करे, फायनेंस का भाग, आईईसी का पंजीकरण तथा डीजीएफटी के स्कीम का लाभ लेने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही जिले को एक्सपोर्ट हब बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं जानकारी प्रदान किया गया। डीजीएफटी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु छत्तीसगढ़ के छः जिले में कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है तथा आगामी दिनों में शेष 27 जिलों में भी कार्यशाला आयोजन करने की जानकारी प्रदान की गई।




# कवर्धा शहर में चार दिवसीय कन्या शिविर का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में गत 23 से 26 दिसंबर तक जिला स्तरीय चार दिवसीय आवासीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन कवर्धा में गायत्री परिवार महिला मंडल कवर्धा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में 218 बहनें सम्मिलित हुई। शिविर का आयोजन कन्याओं के व्यक्तित्व विकास करने के साथ अन्य क्षेत्रों में कन्याओं की भूमिका को 21वीं सदी में उन्हें नेतृत्व की स्थिति में आने हेतु समग्र मार्गदर्शन देने, कन्याओं का शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास और पारिवारिक दायित्व को पूरा करते हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ाने, पुरातन शक्ति स्वरूप की पहचान करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य विषय के रूप में कन्याओं को प्रातः काल योगासन, पावरप्वाइंट प्रोजेक्टर द्वारा शांतिकुंज के देव कन्याओं द्वारा बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक विधि, जीवन लक्ष्य और कैरियर निर्माण, जीवन ऊर्जा का संरक्षण एवं नारी स्वास्थ्य, सफलता के सूत्र, परीक्षा में अच्छा अंक कैसे प्राप्त करें? परिवार और समाज निर्माण में नारी की भूमिका पर वीडियो टेलीफिल्म द्वारा प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद राजनंदगांव संतोष पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता बैस जिला भाजपा महिला मंडल उपाध्यक्ष, श्रीमती कांति सिंह परिहार प्रोफेसर कन्या महाविद्यालय, श्रीमती मधु तिवारी पूर्व भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष, श्रीमती रानू साहू, श्रीमती रितु देसाई, योगेश जैन, अमित मित्तल, आशुतोष पाण्डेय ने प्रशिक्षित बहनों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।




# युवाओं को दिया जाएगा उद्यमिता एवं अनुभव आधारित प्रशिक्षण

- माय भारत पोर्टल से जुड़कर युवा ले सकते हैं प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत माय भारत पोर्टल से जुड़कर युवा, युवा उद्यमिता एवं अनुभव आधारित प्रशिक्षण ले सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 31 अक्टूबर को माय भारत पोर्टल की शुरुआत की गई थी। जिले के 15-29 वर्ष के युवा पोर्टल में जाकर अपना पंजीयन कर सकते है। माय भारत पोर्टल का उद्देश्य युवाओं को कैरियर, कौशल कार्यक्रम, कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता एवं 21वीं सदी के अनुरूप प्रशिक्षण एवं प्रतिभागिता के नए अवसर के लिए डिजिटल एवं फिजिकल प्लेटफार्म के रूप में तैयार करना है। उन्होंने बताया कि युवा सशक्तिकरण के लिए शुरू किया गया माय भारत पोर्टल प्रत्येक ग्राम पंचायत में युवाओं को पंजीकृत कर प्रशिक्षित मार्गदर्शकों से जोड़ेगा। इस पोर्टल के माध्यम से युवा राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों एवं उससे संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। पंजीकृत युवा पंचायत स्तर पर अपना समूह या युवा क्लब भी बना सकते हैं। इसके जरिए वे स्वप्रेरणा से विकास एवं स्वयंसेवा के विभिन्न कार्यक्रम पर विकसित भारत की परिकल्पना की दिशा में योगदान दे सकते हैं। पोर्टल जमीनी स्तर पर हर युवा को शिक्षा, कैरियर, कौशल प्रशिक्षण,व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करेगी। पोर्टल युवाओं को विभिन्न प्रकार के कारपोरेट सेक्टर, ट्रेनिंग संस्थाओं, अनुभवी मेंटर से जोडऩे की दिशा में एक बढ़ा एकल प्लेटफार्म है।

**विशेष पिछड़ी बैगा जनजातियों का होगा सामाजिक व आर्थिक विकास**

# पीएम जनमन योजना में 263 विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति गांव शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कार्यलय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनमन योजना का प्रभावी एवं समयबद्ध कार्ययोजना बनाने की गहन समीक्षा की। भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनमन योजना में कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति विकासखंड बोड़ला और पंडरिया में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति बैगा (पीवीटीजी) को शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि जिले के इन दोनो विकासखंडों में विशेष रूप से कमजोर बैगा जनजाति बाहूल ग्राम 263 है। जिसमें बोड़ला विकासखंड के 185 और पंडरिया के 78 बैगा बाहूल ग्राम शामिल है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों पर ग्राम स्तर पर पहुंचकर प्रभावी कार्ययोजना बनाने और दो दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि भारत सरकार की पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों (पीवीटीजी) की समाजिक तथा आर्थिक स्थित में उत्तोत्तर सुधार करना है, ताकि विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों, परिवारों का त्वरित गति से विकास किया जा सके। बैगा गांव में सामुदायिक अधोसंरचना में सुधार के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर में उन्नयन के साथ ही प्रत्येक परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके ऐसा सुनिश्चित किया जाना मिशन के माध्यम से नियत किया गया है। कलेक्टर ने इस योजना के अंतर्गत उपरोक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों की क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए है।




# अमरौढ़ी में आयोजित सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनवागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन जिला संगठन श्रीमती के एस परिहार के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी सुजीत कुमार गुप्ता मार्गदर्शन में 21 से 27 दिसंबर तक ग्राम अमरौढ़ी विकासखंड बोडला में आयोजित किया गया।

इस शिविर में प्रातः कालीन क्रिया जागरण से लेकर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागृति का कार्य संपादित किया गया। प्रातः कालीन क्रिया में प्रभात फेरी एवं योग व्यायाम जिसका विधिवत प्रशिक्षण योग प्रशिक्षण के यशवंत धुर्वे ने दिया। परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम अमरोली के विद्यालय परिसर में स्थित हैंडपंप एवं ग्राम के हैंडपंप सार्वजनिक तालाब मंदिर एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई किया गया।

इसी क्रम में ग्राम बारहट्टी एवं रेंगाखार में जाकर वहां के हैंड पंप के आसपास अस्थाई निकासी नाली का निर्माण एवं सार्वजनिक स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत रिटायर्ड सिविल जज अशोक लुनिया व्याख्याता आदित्य श्रीवास्तव जिला क्रीड़ा अधिकारी एचडी कुरैशी प्रधान पाठक एसपी गुप्ता उपस्थित होकर बच्चों को समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास के साथ वाहन चलाते समय बीमा एवं लाइसेंस अनिवार्य रूप से रखना एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

जिला रेडक्रास समिति के जिला संगठक बलराम साहू एवं कवर्धा एवं मुंगेली के 108 जिला प्रभारी जीवन कौशिक के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा कृत्रिम श्वसन एवं 108 के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के द्वारा बच्चों से जुड़े कानून की जानकारी एवं बाल अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न जानकारियां दी गई।

## खबर संक्षेप



### जुनवानी जंगल में बाबा गुरू घासीदास जयंती मनाया गया

**कवर्धा।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटंगी कला अंतर्गत ग्राम जुनवानी जंगल में बुधवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकरणी सदस्य किसान मोर्चा नरेन्द्र मानिकपुर द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के सामाजिक व समाज के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह रहा। इस दौरान जिला उपाधक्ष अनुसूचित जनजाति बिहारी धुर्वे, चैतुराम धुर्वे, राम कुमार मेरावी, सरपंच नर्बद साहू, संतोष साहू, मयाराम साहू, सुखचंद धुर्वे, राय सिह कोशरे सहित क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### नगर पालिका क्षेत्र के 15 परिवारों को मिला आवास स्वीकृति पत्रक

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा का निर्देश, पात्रता सभी पात्र गरीब परिवार को मिलेगा पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छतीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार गुरूवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय सभाकक्ष में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडेय, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व उपस्थित पार्षदगणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक का वितरण किया।

जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व व उनके निर्देशानुसार कवर्धा शहर के सभी जरूरतमंद परिवार व आवास हेतु पात्र-हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। छतीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे महत्तवपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मोर आवास मोर अधिकार के तहत कवर्धा शहर के सभी हितग्राहियों को पक्का-मकान प्रदान करना है और सभी हितग्राही को आवास योजना व आवास हेतु किस्त में मिलने वाले राशि की बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों को नए आवास निर्माण किए जाने हेतु शुभकामनाएं दी। वहीं घरों-घर प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्रक लेने जो हितग्राही नगर पालिका नहीं पहुंच पाए उनको जनप्रतिनिधिगणो ने उनके निवास में जाकर स्वीकृति पत्रक देकर प्रधानमंत्री आवास की विस्तारपूर्वक जानकारी दिए।

#### इन हितग्राहियों को आवास शुरू करने की मिली अनुमति



प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास के लिए स्वीकृति पर हितग्राही सनत वैष्णव पिता वाल्मिकी वैष्णव वार्ड क्र. 01, कुसुम पति पहेंमत वार्ड क्र.04 , सवाना बाई पति पंचूराम वार्ड क्र.04, रश्मि तिवारी पति धनेश्वर वार्ड क्र.05, राजिन्दर पारधी पति सिध्दाराम वार्ड क्र. 07, बोधन धुर्वे पति अंकलहा धुर्वे वार्ड क्र. 09, कुमारी बाई पति दुजेराम गुप्ता वार्ड क्र. 12, पिंकी गुप्ता पति विजय गुप्ता वार्ड क्र. 12, धनंजय पाण्डेय पिता रामस्नेही पाण्डेय वार्ड क्र. 14, सती जगड़े पति भरत जागड़े वार्ड क्र. 17, प्रियंका ठाकुर पति कैलाश ठाकुर वार्ड क्र. 17, संगीता निषाद पति परदेशी निषाद वार्ड क्र.17, रामूराम साहू पिता जुड़ावन साहू वार्ड क्र. 26, दामिनी सतनामी पति दीपक सतनामी वार्ड क्र. 27 व अमिता क्षत्रिय पति भुवन वार्ड क्र. 27 को आवास अनुमति मिली। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी, मंडल अध्यक्ष भाजपा, उमंग पाण्डेय नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा, पार्षद रिकेंश वैष्णव, पवन जायसवाल, प्रमोद शर्मा, मनहरण कौशिक, विजय पाली सांसद प्रतिनिधि, पीयूष टाटिया, श्रीकांत उपाध्याय, सनत साहू, दुर्गेश अवस्थी, तिलक झरिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा उपस्थित थें।



# कोलेगांव में संपूर्ण स्वच्छता अभियान का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंगर्तत ग्राम पंचायत कोलेगांव में संपूर्ण स्वच्छता अभियान का हाल-बेंहाल है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत कोलेगांव में लगातार शिकवा-शिकायत व मांग करने के बाद वर्षों से साफ-सफाई के अभाव में नाली जाम की स्थिति व नाली के किनारे पूरे कचरे को निकालकर जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आधा-अधूरा साफ-सफाई से ग्रामीणों को भारी दिक्कत ग्राम पंचायत द्वारा साफ-सफाई के नाम पर प्रस्ताव पास हजारों रुपए राशि निकलवाते हैं उसके बाद भी ग्राम पंचायत कोलेगांव में गंदगी ही गंदगी पसरा रहता है, जिससे राहगीर व ग्रामीणों को बेधड़क गंदगी के बदबू से भारी परेशानियां व अंचल क्षेत्र में संपूर्ण स्वच्छता अभियान असफल नजर जा रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने व प्रास्तव राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसकी जांच कर कार्यवाही व स्वच्छता की ओर ध्यान देने कि मांग की गई।

# छात्र-छात्राओं ने बैंकिंग से संबंधित गतिविधियां सिखी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

व्यावसायिक शिक्षा बैंकिंग विषय कें अंतर्गत कवर्धा जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल कवर्धा में बैंकिंग से जुडी गतिविधियां एवं बैंकिंग संबंधि जानकारी प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक भी सिखते है, जिसमें छात्राओं को विशेष रूचि होती है इनको प्रशिक्षण यूनियन बैंक मेंनेजर निलेश रामटेके एवं उनके स्टॉप संतोष कौशिक व एसबीआई लाईफ से लुतन कुमार सिन्हा एवं ग्राहक सेवा केन्द्र बैंक ऑफ इंडिया रूपेश चन्द्रवंशी द्वारा दिया जा रहा है, जिसमें छात्राएं ग्राहक सेवा, बैंकिंग के उत्पाद एवं बैंकों में खाता-खोलना एवं पास-बुक-प्रिंट करना व संचार एवं ऑनलाईन ट्रांसफर व आरटीजीएस एवं नेफ्ट व ऋण उत्पाद जिसमें सूक्ष्म ऋण माध्यम ऋण एवं सामान्य ऋण व ऋण लेने वालों की पात्रता पहचाना एवं फॉमों को कैसे भरना व केवाईसी को कैसे अपटेड करना एवं खातो का बैलेंस देखना एवं बैंक में होने वाले ग्राहक बीमा व फसल बीमा के बारे में सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकरी दिया गया।

# आस्थाः पंच कुण्डीय यज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा के लिए भूमि-पूजन व ध्वज स्थापित

## कथा की तैयारी जोरों पर, क्षेत्रवासियों में भक्तिमय का वातावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा

सहसपुर लोहारा अंतर्गत स्थित बांधाटोला रोड़ पर इन दिनों आस्था का केंद्र तैयार किया जा रहा है, जहां क्षेत्रवासी भारी संख्या में पहुंचकर जोर-शोर से तैयारी में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सहसपुर लोहारा में पंच कुण्डीय यज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन की तैयारियां भी जोरों पर हैं। वही यज्ञ प्रारंभ से पहले कथा स्थल का भूमि-पूजन व ध्वज स्थापित किया गया। वहीं शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर के शिष्य सपाद लक्षेश्वर धाम के प्रमुख ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद के श्रीमुख से कथा श्रवण करने का सौभग्य सभी आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व क्षेत्रवासी कथा रसपान किया जाएगा, ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद ने बताया कि आगामी पौष कृष्ण सप्तमी से अमावस्या तक तदनुसार 03 से 11 जनवरी तक पंच कुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। वैसे तो कबीरधाम के हर गांव के लोग बड़े ही सनातनिय और धार्मिक है। वही जब से यहां यज्ञ होना तय हुआ है तभी से आयोजक व स्थानीय लोगों द्वारा तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है। कार्यक्रम पूर्व कथा स्थल एवं यज्ञ शाला का भूमिपूजन कर धर्मध्वज लगाया गया हैं। वर्तमान में यज्ञ शाला का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका हैं।

#### पंच कुण्डीय यज्ञ मेले में सजने लगी दुकानें

आयोजको से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के साथ पूरे जिले के सनातनियों के लिए बड़े ही हर्ष का विषय हैं। नौ दिवसीय कथा के आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था किया जा रहा है। जैसे वाहन पार्किंग, यज्ञशाला में परिक्रमा, कथा स्थल में समुचित बैठने की व्यवस्था साथ-साथ भव्य भोजन-भंडारा का आयोजन भी किया जा रहा हैं, जहां हर एक श्रद्धालुओं कथा श्रवण के साथ-साथ भोजन-भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर सकेंगें। इसके साथ ही फुटकर व्यवसायियो का कहना है कि क्षेत्र में बड़े धार्मिक आयोजन होने से छोटे-छोटे दुकानदारों की जैसी पूजा-सामग्री दुकान, फल दुकान, मिठाई मिक्चर दुकान, बच्चो के खिलौने एवं झूला इत्यादि यह सब आकर्षण के साथ-साथ मेला का अनुभव दिलाता है, जहां लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण के साथ-साथ मेला का भी लुफ्त उठाएंगें।

### बाल अधिकार संरक्षण सघन अभियान चलाया



**हरिभूमि कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल श्रम अपशिष्ट संग्रह एवं भिक्षावृत्ति सड़क एवं सड़क जैसी स्थिति में रहने वाले तथा कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन करने वाले बच्चों के चिन्हांकन रेस्क्यू कर शिक्षा एवं समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्प, लाइन 1098 कबीरधाम पुलिस विभाग का विशेष किशोर पुलिस इकाई संयुक्त टीम गठितकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले के विकासखंड कवर्धा शहर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शक्ति वार्ड कवर्धा में मिशन वात्सल्य, पाक्सो एक्ट 2012, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बच्चों से जुड़े विभिन्न कानून योजनाओं एवं बाल अधिकार संरक्षण की जानकारी देते हुए सघन अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त टीम में स्कूलों व जनप्रतिनिधि तथा आम नागरिकों से अपील किया जा रहा है, कि इस प्रकार के कठिन परिस्थिति में रहने वाले तथा देखभाल एवं संरक्षण की जरूरतमंद बच्चों मिलने देखने या जानकारी होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल श्रमिक एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचित किया जा सकता है। जिस पर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग और चाइल्ड-हेल्प लाइन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी। जिसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वरी धुर्वे, सुरेश साहू, आउटरीच वर्कर श्यामा धुर्वे, नितिन किशोरी वर्मा, परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर, सुपरवाइजर रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव व विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# बांधा रोजगार सहायक के विरूद्ध शिकायत निराधार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा विकासखण्ड ग्राम पंचायत बांधा के रोजगार सहायक के विरूद्ध सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष कवर्धा कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सहायक के विरूद्ध जो शिकायत की गई है वह फर्जी व निराधार है। शिकायतकर्ता तिजराम साहू, घीवराम व रामलाल नेताम तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा रोजगार सहायक सुन्दर पोर्ते के विरूद्ध दुरभावना पूर्वक फर्जी तरीके से आवेदन दिए गया। जिस पर 23 दिसम्बर को जांच टीम द्वारा स्वतः जांच भी किया गया जिसमें समतली करण कार्य हुआ पाया गया है। ग्राम मण्डला कोन्हा में 2021-22 में मनरेगा के तहत तालाब निर्माण कार्य में ग्राम बांधा के ग्रामीणों के ब्यान से स्पष्ट होता है कि कार्य हुआ है। आपसी बैमनस्ता के तहत शिकायतकर्ताओं ने रोजगार सहायक के विरूद्ध जो शिकायत की गई थी वह औचित्यविहिन है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि रोजगार सहायक सुंदर सिंह पोर्ते को ग्राम पंचायत बांधा में ही रखा जाए। बांधा के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कलेक्अर को ज्ञापन सौंपा।

### भागूटोला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ प्राथमिक-विशेष प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग 2023 का मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर भागूटोला में किया गया। जिसमें प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग का शुभारंभ प्रांत किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव, वर्ग कार्यवाह हलधरनाथ योगी, विशेष प्राथमिक वर्ग कार्यवाह राधेश्याम पाली, वर्ग पलक लखन साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत माता के तैलचित्र में पुष्प अर्पण कर किया। अमृत वचन वर्ग गीत कदम निरंतर चलते जिनके श्रम जिनका अविराम है, विजय सुनिश्चित होती उनकी घोषित यह परिणाम है। प्रांत किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1925 से निरंतर राष्ट्रोत्कर्ष के लिए प्रयत्नशील है, इस हेतु संघ तरुणों में चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रभक्ति के भाव जागृत करने के लिए प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करता है। 100 वर्ष का होने वाला है संघ डॉ साहब जन्मजात देशभक्त थे, विद्यार्थी जीवन से ही समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहे। वंदे मातरम् आंदोलन में शामिल रहें। जिस समय वंदे मातरम् और भारत माता की जय बोलने पर देशद्रोह माना जाता था। पढ़ाई के दौरान अनुशीलन समिति से जुड़े रहें। कांग्रेस देश की आजादी के लिए लड़ने वाली प्रमुख संस्था थी। उन्होने 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की हिंदू भाव को जागृत करना, शक्ति के आधार पर समस्याएं हल हो सकती और शक्ति का आधार संगठन है। चरित्र-समान, शक्तिशाली, राष्ट्रभक्ति लोगों से ओतप्रोत, अनुशासित के निर्माण के लिए संघ स्थापना की जिनका स्वपन था राष्ट्र और समाज का उत्थान। इस दौरान शत्रुहन नेताम, रवि वर्मा, रामनाथ राजपूत, शत्रुहन ठाकुर, मनहरण बर्वे, संजय धुर्वे, सीताराम धुर्वे, कन्हैया साहू, राजकुमार विश्वकर्मा, होरीलाल गबेल, किशोर प्रजापति, भुवन यादव, प्रहलाद साहू, अभिषेक दुबे, परसराम चंद्राकर, कपिल दास मानिकपुरी, राजेश जायसवाल, सुर्यकांत सोनी, संदीप साहू, आशुतोष पांडेय, पृथ्वीराज धुर्वे सहित वरिष्ठ, बाल स्वंयसेवक प्राथमिक वर्ग को सफल बनाने में योगदान रहा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

### विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया का प्रभावी प्रदर्शन

# आईटी सेल जिला स्तरीय शंखनाद कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकसभा चुनावों की तैयारी तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी अब अपने सभी विंग को प्रशिक्षित कर जमीन पर सक्रिय करने में लग गई है, इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें जिले के सभी मंडलों से सोशल मीडिया और आईटी सेल के कार्यकर्ता उपस्थित थें।कार्यशाला में मार्गदर्शन हेतु सांसद संतोष पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सोमेश पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा, वरिष्ठ मार्गदर्शक हरीश लूनिया, राजेंद्र चंद्रवंशी, सोशल मीडिया जिला संयोजक योगेश ठाकरे, आईटी सेल जिला सहसंयोजक सतराम साहू उपस्थित थें। सांसद संतोष पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरूवार को चुनावी युद्ध में सोशल मीडिया हमारी प्रमुख सेना है और इसके सकारात्मक उपयोग से आने वाले वुनाव में 400 से ज्यादा सीटों का लक्ष्य जरूर प्राप्त करेंगे। सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सोमेश पांडेय ने सेल की संगठनात्मक संरचना पर विस्तार से अपनी बातें रखीं, उन्होंने विधानसभा चुनावों में जिले में सोशल मीडिया के बेहद प्रभावी प्रदर्शन पर बधाई दी। कवर्धा जिले के भाजपा जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा ने कार्यकर्ताओं से अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बन जाने के बाद अब हम कार्यकर्ताओं की भूमिका बदल गौ है, इससे पहले हम कांग्रेस की भ्रष्ट-सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से जबरदस्त आंदोलन छेड़े हुए थे, वहीं अब हमें अपनी इस सक्रियता को अपनी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में लगाना है। वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने ने भी आपातकाल के समय को याद करते हुए कार्यकर्ताओं के साहस की तारीफ की और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर प्रकार के दबाव को सहते हुए हिम्मत से लड़ाई-लड़ने में सक्षम है, इसी के फलस्वरूप विधानसभा चुनाव में पार्टी को शानदार सफलता प्राप्त हुई है। कार्यशाला को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133